## नरमपंथी–उदारवादी चरण
## (1905 ई.–1917 ई.)

1. भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के 1885–1905 की अवधि को कहा जाता है–
(अ) उदारवादी चरण (ब) उग्रवादी चरण
(स) गाँधी युग (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)
व्याख्याः– कांग्रेस की स्थापना के 20 वर्ष तक उसकी नीति उदार थी इसलिए 1885–1905 ई. की अवधि को स्वतंत्रता आन्दोलन का उदारवादी चरण कहा जाता है। उदारवादियों को ब्रिटिश शासन और न्यायप्रियता में पूर्ण विश्वास था। 1895 ई. में सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने कहा कि हमें ब्रिटेन की जनता की न्याय और उदारता पर भरोसा है।

2. भारतीय इतिहास में वर्ष 1885 ई. प्रसिद्ध है–
(अ) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के कारण
(ब) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पतन के कारण
(स) प्लासी के युद्ध के कारण
(द) बक्सर के युद्ध के कारण
उत्तर : (अ)

3. आधुनिक भारतीय इतिहास में गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय क्यों प्रसिद्ध है ?
(अ) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन यहीं हुआ था
(ब) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी और दादाभाई नौरोजी इसके छात्र रहे थे
(स) ए.ओ. ह्यूम इसके प्राचार्य थे
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की पहली बैठक किस शहर में हुई थी ?
(अ) कलकत्ता (ब) बंबई
(स) अहमदाबाद (द) इलाहाबाद
उत्तर : (ब)

5. निम्नलिखित कांग्रेसी नेताओं में से किसको 'भारत का महान वृद्ध व्यक्ति' कहा जाता है ?
(अ) महात्मा गाँधी (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) दादाभाई नौरोजी (द) मदन मोहन मालवीय
उत्तर : (स)

6. किस गवर्नर जनरल के कार्यकाल के दौरान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस बनी थी ?
(अ) लॉर्ड रिपन (ब) लॉर्ड विलियम बैंटिक
(स) लॉर्ड डफरिन (द) लॉर्ड कर्जन
उत्तर : (स) SSC 2002, UPPCS 2012

7. 1885–1905 के काल के भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में उदारवादी नेताओं का प्रभुत्व था। उनके आंदोलन का मुख्य ढंग क्या था ?
(अ) प्रतिगामी राष्ट्रवाद
(ब) संवैधानिक आंदोलन
(स) सैद्धांतिक प्रजातंत्रीकरण
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

8. भारतीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 1904 किस वायसराय के काल में पारित किया गया था ?
(अ) लॉर्ड लिटन (ब) लॉर्ड कर्जन
(स) लॉर्ड रिपन (द) लॉर्ड हार्डिंग
उत्तर : (ब) SSC 1999

9. भारतीय सिविल सेवा (ICS) में चुने गए पहले भारतीय का नाम था–
(अ) सत्येन्द्र नाथ टैगोर (ब) सरोजनी नायडू
(स) लाला लाजपत राय (द) सी.आर. दास
उत्तर : (अ) SSC 1999

10. इंडियन नेशनल कांग्रेस के संस्थापक कौन थे ?
(अ) व्यामेश चन्द्र बनर्जी
(ब) माइकल ह्यूम
(स) एलन ओक्टोवियन ह्यूम
(द) महात्मा गाँधी
उत्तर : (स) RRB 2004

11. 'हरमिट ऑफ शिमला' किसे कहा जाता है ?
(अ) जार्ज यूल (ब) विलियम वेडरबर्न
(स) ए.ओ. ह्यूम (द) रवीन्द्रनाथ टैगोर
उत्तर : (स) RRB 2004

12. 'ए नेशन इन द मेकिंग' नामक पुस्तक किसने लिखी ?
(अ) दीनबंधु मित्रा (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (द) सुभाष चन्द्र बोस
उत्तर : (स) NDA 2002

13. किस ब्रिटिश वायसराय ने 1880 के दशक के प्रारंभ में विदेशी शासन के विरुद्ध भारतीय असंतोष को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी ?
(अ) रिपन (ब) लिटन
(स) डफरिन (द) नार्थब्रुक
उत्तर : (ब)

14. लॉर्ड लिटन द्वारा प्रस्तावित वैधानिक जनपद सेवा, जिसके तहत परीक्षा की आयु 21 वर्ष से घटाकर 19 वर्ष कर दी गयी थी, कब लागू हुआ था ?
(अ) 1875 ई. (ब) 1878 ई.
(स) 1880 ई. (द) 1882 ई.
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

15. वह कौन–सा प्रथम भारतीय था, जो ब्रिटिश संसद के लिए निर्वाचित हुआ ?
(अ) एस.एन. बनर्जी (ब) जी.के. गोखले
(स) दादाभाई नौरोजी (द) फिरोजशाह मेहता
उत्तर : (स) RRB 2004

16. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन लगभग आखिरी समय पर पूना से बंबई स्थानांतरित किया गया क्योंकि–
(अ) बंबई प्रेसीडेंसी संघ के नेतागण कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन के पूना में संपन्न होने के विरोधी थे।
(ब) बंबई के गवर्नर कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष बनने के लिए ए.ओ. ह्यूम के सुझाव से सहमत थे।
(स) प्रेसीडेंसी की राजधानी होने के कारण बंबई अधिवेशन में अधिक ध्यान आकर्षित करने में सहायक होता।
(द) पूना में हैजा फैलने के कारण संयोजक कांग्रेस के प्रथम अधिवेशन का स्थान पूना से बंबई बदलने पर विवश हुए थे।
उत्तर : (द) CDS 2004

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–दादाभाई नौरोजी–
1. तीन बार राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष चुने गए।
2. 'पावर्टी एण्ड अनब्रिटिश रूल इन इंडिया' नामक पुस्तक की रचना की।
3. 'नेशनल सोशल कांफ्रेंस' की स्थापना की।
उपर्युक्त कथनों में से कौन–सा/से कथन सही है/हैं ?
(अ) केवल 1 (ब) 1 और 2
(स) 2 और 3 (द) केवल 3
उत्तर : (ब)

18. 1885 ई. में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना के पीछे कुछ तात्कालिक कारण थे। निम्नलिखित में से कौन–सा करण उसमें शामिल नहीं था ?
(अ) 1878 का शस्त्र अधिनियम और भारतीय भाषा प्रेस अधिनियम
(ब) 1870–80 का द्वितीय आंग्ल–अफगान युद्ध
(स) 1877 ई. में दिल्ली में आयोजित शाही दरबार, जब संपूर्ण भारत अकाल के चपेट में था
(द) 1883 ई. का इल्बर्ट विधेयक विवाद
उत्तर : (ब)

19. इल्बर्ट बिल विवाद किस वायसराय के कार्यकाल में उभरा था ?
(अ) रिपन (ब) लिटन
(स) डफरिन (द) नार्थब्रुक
उत्तर : (अ)

20. भारतीय संघ (इंडियन एसोसिएशन) के संस्थापक कौन थे ?
(अ) दादाभाई नौरोजी
(ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) ए.ओ. ह्यूम
(द) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
उत्तर : (द) BPSC 2002

21. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता किसने की ?
(अ) गणेश अगरकर (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) दादाभाई नौरोजी (द) फिरोजशाह मेहता
उत्तर : (स) BPSC 2002

22. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में निम्न में से किसको नरमदलीय नेता के तौर पर नहीं जाना जाता था ?
(अ) बाल गंगाधर तिलक
(ब) दादाभाई नौरोजी
(स) एम.जी. रानाडे
(द) गोपाल कृष्ण गोखले
उत्तर : (अ) BPSC 2002

23. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना किस वर्ष की गई ?
(अ) 1865 में (ब) 1867 में
(स) 1885 में (द) 1887 में
उत्तर : (स) BPSC 1999

24. निम्न में से कौन नरमपंथियों में नहीं थे ?
(अ) जी.के. गोखले (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) आर.सी. दत्त (द) डब्ल्यू.सी. बनर्जी
उत्तर : (ब) BPSC 1999

25. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के संस्थापक थे एक–
(अ) असैनिक सेवक (ब) मिलिट्री कमाण्डर
(स) विज्ञानी (द) सामाजिक कार्यकर्ता
उत्तर : (अ) BPSC 1999

26. अधिकतर नरमपंथी नेता थे–
(अ) ग्रामीण क्षेत्रों से
(ब) शहरी क्षेत्रों से
(स) दोनों ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों से
(द) पंजाब से
उत्तर : (ब) BPSC 1999

27. 1905 में बंगाल विभाजन किस वायसराय ने किया ?
(अ) लॉर्ड हार्डिंग (ब) लॉर्ड कर्जन
(स) लॉर्ड लिटन (द) लॉर्ड मिण्टो
उत्तर : (ब) BPSC 1998

28. ब्रिटिश हाउस ऑफ कॉमन्स का चुनाव जिस प्रथम भारतीय ने लड़ा था, वह थे–
(अ) दादाभाई नौरोजी (ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) फिरोजशाह मेहता (द) डब्ल्यू.सी. बनर्जी
उत्तर : (द) UPPCS 2004

www.rajstudents.com

29. निम्नलिखित को उनके संगठन के आधार पर क्रमवार सजाइए:–
1. बॉम्बे एसोसिएशन
2. मद्रास महाजन सभा
3. इंडियन एसोसिएशन
4. इंडियन लीग
कूटः
(अ) 1, 2, 3, 4 (ब) 2, 3, 1, 4
(स) 1, 3, 4, 2 (द) 1, 4, 3, 2
उत्तर : (स) JPSC 2003

30. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम मुस्लिम प्रेसीडेन्ट था–
(अ) अबुल कलाम आजाद
(ब) रफी अहमद किदवई
(स) एम.ए. अंसारी
(द) बदरुद्दीन तैयबजी
उत्तर : (द) UPPCS 2005

31. किसने कहा था–''कांग्रेस पतन के लिए लड़खड़ा रही है, मेरी सबसे बड़ी अभिलाषा है कि जब तक मैं भारत में हूँ, कांग्रेस की शांतिपूर्ण समाप्ति में सहयोग करना है''?
(अ) लॉर्ड हेमिल्टन (ब) लॉर्ड कर्जन
(स) लॉर्ड डफरिन (द) लॉर्ड मिण्टो
उत्तर : (ब) UPPCS 2002

32. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 1905 के बनारस अधिवेशन के अध्यक्ष कौन थे ?
(अ) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(ब) फिरोजशाह मेहता
(स) गोपाल कृष्ण गोखले
(द) दिनेश वाचा
उत्तर : (स)

33. निम्नलिखित में से कौन भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना अधिवेशन में उपस्थित नहीं थे ?
(अ) दादाभाई नौरोजी (ब) जी. सुब्रमण्यम अय्यर
(स) जस्टिस राणाड़े (द) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
उत्तर : (द) UPPCS 1997

34. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पहले अध्यक्ष कौन थे ?
(अ) ए.ओ. ह्यूम (ब) डब्ल्यू.सी. बनर्जी
(स) गोपालकृष्ण गोखले (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

35. भारत के पहले लोक संघ 'लैंड होल्डर्स सोसायटी' की स्थापना कब हुई थी ?
(अ) 1835 ई. (ब) 1836 ई.
(स) 1837 ई. (द) 1836 ई.
उत्तर : (द)

36. लैंड होल्डर्स सोसायटी की स्थापना किसके कल्याण के लिए की गयी थी ?
(अ) जमींदार (ब) किसान
(स) शिल्पकार (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (अ)

37. दादाभाई नौरोजी ने 1866 ई. में ईस्ट इंडिया एसोसिएशन की स्थापना कहाँ की ?
(अ) लंदन (ब) मद्रास
(स) लखनऊ (द) बम्बई
उत्तर : (अ)

38. 1870 ई. में पूना सार्वजनिक सभा की स्थापना किसने की थी ?
(अ) गोपाल कृष्ण गोखले
(ब) महादेव गोविंद रानाडे
(स) बाल गंगाधर तिलक
(द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (ब)

39. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
1. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का प्रथम अधिवेशन कलकत्त में हुआ।
2. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दूसरा अधिवेशन दादाभाई नौरोजी की अध्यक्षता में हुआ।
3. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस तथा मुस्लिम लीग, दोनों ने लखनऊ में 1916 में अधिवेशन किया तथा लखनऊ समझौता सम्पन्न हुआ।
उपर्युक्त कथनों में कौन–सा/से सही है/हैं ?:
(अ) 1 और 2 (ब) केवल 2
(स) 2 और 3 (द) केवल 3
उत्तर : (स)

40. निम्नलिखित भारतीय नेताओं में से कौन एक ब्रिटिश द्वारा इंडियन सिविल सर्विस से बर्खास्त किया गया था ?
(अ) सत्येन्द्र नाथ टैगोर (ब) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(स) आर.सी. दत्त (द) सुभाष चन्द्र बोस
उत्तर : (ब)

41. लैंड होल्डर्स सोसाइटी, कलकत्ता के संस्थापक थे–
(अ) राजा राममोहन राय
(ब) द्वारकानाथ टैगोर
(स) हरिश्चन्द्र विद्यासागर
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

42. इंडियन एसोसिएशन द्वारा कलकत्ता में आयोजित 'अखिल भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन' कब हुआ था ?
(अ) 1881 ई. (ब) 1882 ई.
(स) 1883 ई. (द) 1884 ई.
उत्तर : (स)

www.rajstudents.com

43. निम्नलिखित में से किस एक ने सन् 1875 में हाउस ऑफ कॉमन्स में एक याचिका प्रस्तुत करते हुए ब्रिटिश संसद में भारत के प्रत्यक्ष प्रतिनिधित्व की मांग की ?
(अ) दि डक्कन एसोसिएशन
(ब) दि इंडियन एसोसिएशन
(स) मद्रास महाजन सभा
(द) पूना सार्वजनिक सभा
उत्तर : (द) UPPCS 2002

44. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (संस्था)
A. बंगाल ब्रिटिश इंडिया सोसाइटी
B. मद्रास नेटिव एसोसिएशन
C. पूना सार्वजनिक सभा
D. इंडियन एसोसिएशन
सूची–II (स्थापना वर्ष)
1. 1853
2. 1852
3. 1876
4. 1876
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

45. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I
A. मद्रास महाजन सभा
B. बंबई प्रेसिडेंसी एसोसिएशन
C. इंडियन एसोसिएशन
D. कांग्रेस
सूची–II
1. 1884
2. 1885
3. 1876
4. 1885
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

46. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के साथ इंडियन एसोसिएशन का विलय कब हुआ था ?
(अ) 1885 ई. (ब) 1886 ई.
(स) 1892 ई. (द) 1895 ई.
उत्तर : (ब)

47. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी और आनंद मोहन बोस ने कांग्रेस के जन्म के पहले किस राष्ट्रवादी पार्टी की स्थापना की, जो कांग्रेस के पूर्ववर्ती संगठनों में सबसे अधिक महत्वपूर्ण थी ?
(अ) मद्रास महाजन
(ब) इंडियन एसोसिएशन
(स) बंगाल यंग एसोसिएशन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

48. इंडियन एसोसिएशन ने किस मुद्दे पर सर्वप्रथम आंदोलन आरम्भ किया ?
(अ) भारतीय प्रशासनिक सेवा के नियम में सुधार और परीक्षा में बैठने की अधिकतम उम्र बढ़ाने के लिए
(ब) शस्त्र अधिनियम और भारतीय भाषा प्रेस अधिनियम
(स) जमींदारों द्वारा प्रताड़ित काश्तकारों के साथ सहयोग
(द) अंग्रेजों द्वारा चाय की खेती में लगाये गये मजदूरों की दयनीय स्थिति
उत्तर : (अ)

49. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (पुस्तक)
A. हिस्ट्री ऑफ इंडियन नेशनल कांग्रेस
B. हाउ इंडिया फौट फॉर फ्रीडम
C. इंडिया टुडे
D. 1857
सूची–II (लेखक)
1. पट्टाभिसीतारमैया
2. एनी बेसेंट
3. आर.पी. दत्त
4. एस.एन. सेन
(अ) A – 1, B – 2, C – 3, D - 4
(ब) A – 2, B – 1, C – 3, D - 4
(स) A – 3, B – 4, C – 1, D - 2
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

50. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रथम सत्र की बैठक में कितने प्रतिनिधियों ने भाग लिया था ?
(अ) 72 (ब) 86
(स) 93 (द) 101
उत्तर : (अ) BPSC 2008

51. निम्नलिखित में से किसने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की अध्यक्षता दो बार की ?
(अ) जार्ज यूले (ब) वेडरबर्न
(स) कादंबिनी गांगुली (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

52. किसने कहा–''ब्रिटिश शासन एक स्थायी, बढ़ता हुआ तथा लगातार बढ़ता हुए विदेशी आक्रमण है जो धीरे–धीरे ही सही मगर पूरी तरह देश को नष्ट कर रहा है ?
(अ) दादाभाई नौरोजी (ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी (द) ए.ओ. ह्यूम
उत्तर : (अ)

53. किसने कहा–''मुझे खुशी है कि कांग्रेस बराबर नीचे की ओर जा रही है क्योंकि यह राजद्रोही संस्था है और इसके नेता संदिग्ध चरित्र के लोग है ?
(अ) डफरिन (ब) एल्गिन द्वितीय
(स) लैंसडाउन (द) कर्जन
उत्तर : (ब)

54. उदारवादियों की कार्यपद्धति के साधन थे–
(अ) प्रार्थना, याचना व विरोध
(ब) हिंसा
(स) जन आंदोलन
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

55. उदारवादियों की कार्यपद्धति को किसने 'भिखमंगी राजनीति' की संज्ञा दी ?
(अ) उग्रवादियों ने (ब) वामपंथियों ने
(स) गाँधीवादियों ने (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

56. ब्रिटिश साम्राज्य के अंतर्गत स्वराज्य की मांग सबसे पहले किसने और कब की ?
(अ) वी.डी. सावरकर ने 1904 ई. में
(ब) गोपाल कृष्ण गोखले ने 1905 ई. में
(स) दादाभाई नौरोजी ने 1906 ई. में
(द) इनमें में से कोई नहीं
उत्तर : (स)

57. उदारवादियों का सबसे प्रमुख योगदान था–
(अ) ब्रिटिश शोषण नीति की ओर जनता का ध्यान खींचना
(ब) जन आंदोलन
(स) हिंसक कार्यपद्धति
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

58. किसने उदारवादियों के संबंध में कहा कि–''अपनी शिकायतों का निवारण करने तथा रियायत पाने के लिए उन्होंने 20 साल से अधिक समय कमोबेश जो आंदोलन चलाया उसमें उनहें रोटियों के बजाय पत्थर मिले''?
(अ) लाला लाजपतराय (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) अरविंद घोष (द) विपिन चन्द्र पाल
उत्तर : (अ)

59. किसने कहा था–''भारतवर्ष तलवार के बल पर जीता गया था और तलवार के बल पर ही उसे ब्रितानी कब्जे में रखा जाएगा'' ?
(अ) डफरिन (ब) एल्गिन
(स) लैंसडाउन (द) कर्जन
उत्तर : (ब)

60. किस उग्रवादी नेता ने उदारवादियों के संबंध में कहा था कि–''यदि हम साल में एक बार मेंढ़कों की तरह टर्र–टर्र करके चुप होते रहे तो में कभी अपने प्रयासों में सफलता नहीं मिलेगी'' ?
(अ) लाला लाजपत राय (ब) बाल गंगाधर तिलक
(स) विपिन चन्द्र पाल (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब)

61. सन् 1897 में किसकी गिरफ्तारी के बाद राष्ट्रीय कांग्रेस में एक नया मोड़ आया ?
(अ) बाल गंगाधर तिलक
(ब) गोपाल कृष्ण गोखले
(स) मदन मोहन मालवीय
(द) सुरेन्द्र नाथ बनर्जी
उत्तर : (अ)

62. निम्नलिखित में से किसने इडियन नेशनल कांग्रेस की नरमदलीय राजनीति की व्यवस्थित आलोचना ''न्यू लैंप्स फॉर ओल्ड'' शीर्षक लेखों की श्रृंखला में की ?
(अ) अरविंद घोष (ब) आर.सी. दत्त
(स) वीर राघवाचार्य (द) सैयद अहमद खान
उत्तर : (अ)

63. भारत में लॉर्ड कर्जन के प्रशासन की तुलना औरंगजेब से किसने की ?
(अ) गोपाल कृष्ण गोखले
(ब) एनी बेसेंट
(स) दादाभाई नौरोजी
(द) बाल गंगाधर तिलक
उत्तर : (अ) NDA 2013

64. ''राजा जनता के लिए बने हैं, जनता राजा के लिए नहीं बनी है'' राष्ट्रीय आन्दोलन के दौरान निम्नलिखित में से किसने यह वक्तत्व दिया था ?
(अ) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने
(ब) आर.सी. दत्त ने
(स) दादाभाई नौरोजी ने
(द) गोपाल कृष्ण गोखले ने
उत्तर : (स) UPPCS 2015

www.rajstudents.com